The Victims of Floods caused due to heavy rains, cyclones and other reasons (Rehabilition and Welfare) Bill, 2024-Introduced

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि राष्ट्रीय स्तर पर एक सांविधिक बोर्ड जो बाढ़ नियंत्रण के लिए केंद्रीय और राज्य सरकारों द्वारा किए जाने वाले उपायों का सुझाव भी दे सकता है, के माध्यम से विभिन्न उपबंध करके भारी बारिश, बादल फटने, चक्रवातों, बांधों, जलाशयों के बन्ध टूटने आदि के कारण आने वाली बाढ़ के पीड़ितों के संरक्षण और पुनर्वास तथा तत्संबंधी और आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

?कि राष्ट्रीय स्तर पर एक सांविधिक बोर्ड जो बाढ़ नियंत्रण के लिए केंद्रीय और राज्य सरकारों द्वारा किए जाने वाले उपायों का सुझाव भी दे सकता है, के माध्यम से विभिन्न उपबंध करके भारी बारिश, बादल फटने, चक्रवातों, बांधों, जलाशयों के बन्ध टूटने आदि के कारण आने वाली बाढ़ के पीड़ितों के संरक्षण और पुनर्वास तथा तत्संबंधी और आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए ।?

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

डॉ. निशिकान्त दुबे: अध्यक्ष महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

15.55 hrs